
# ‘राजस्थान पुलिस ने 543 साइबर ठग पकड़े 8.88 करोड़ रु. की रकम भी होल्ड करवाई’

## प्रदेश में साइबर अपराधों पर लगाम कसने के लिए ‘‘ऑपरेशन साइबर शील्ड’’ अभियान चलाया

**जयपुर** (कासं)। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने कहा कि, राजस्थान पुलिस ने जनवरी-2025 में 543 साइबर ठगों को पकड़ा और ठगी की 8.88 करोड़ रुपए की रकम होल्ड करवाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राजस्थान में साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए 3 से 31 जनवरी तक ‘‘ऑपरेशन साइबर शील्ड’’ अभियान चलाया गया था। इस अवधि में पुलिस ने पुलिस ने 171 प्रकरण दर्ज किए और 319 आरोपियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की। अभियान के दौरान 52317 सिम कार्ड और 27292 मोबाइल ब्लॉक करवाए, चोरी व गुम हुए 5201 मोबाइल भी बरामद किये।

पत्रकारों से बात करते हुए डी.जी.पी. उत्कल रंजन साहू ने बताया कि राजस्थान पुलिस ने 7 बिंदुओं पर फोकस करते हुए यह अभियान चलाया। इसमें गृह मंत्रालय के प्रतिबिंब पोर्टल के तहत सक्रिय साइबर अपराधियों पर कार्रवाई, साइबर अपराधियों द्वारा प्रयुक्त सिम व मोबाइल के ब्लॉक की कार्रवाई, गुम और चोरी हुए मोबाइल बरामद कर पीड़ितों को लौटाने की कार्रवाई, एनसीआरपी, राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा पुलिस थानों पर प्राप्त परिवादो पर कार्रवाई, समन्वय पोर्टल पर साइबर अपराध नवीनतम रिकॉर्ड के अपग्रेडेशन, साइबर अपराध प्रकरणों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं साइबर जागरूकता के प्रचार शामिल था।



पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू गुरूवार को पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों से रूबरू हुए।

- पुलिस ने 171 प्रकरण दर्ज कर 319 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की : पुलिस महानिदेशक
- अभियान में 52317 सिम कार्ड और 27292 मोबाइल ब्लॉक करवाए, चोरी व गुम हुए 5201 मोबाइल भी बरामद किये

साहू ने बताया कि इस अभियान के दौरान पुलिस ने 41.63 लाख रुपए नगद सहित साइबर ठगी की वारदातों में प्रयुक्त कुल 35 लैपटॉप, टेबलेट व आईपैड, 58 कम्प्यूटर, सीपीयू व एलईडी, 847 मोबाइल, 740 सिम, 19 राउटर, वाईफाई व डोंगल, 60 आईडी व अन्य दस्तावेज, 245 बैंक पासबुक व चेक बुक, 10 सेविंग अकाउंट पकड़े।

डी.जी.पी. ने बताया कि करीब 1 महीने तक साइबर जागरूकता के प्रसार के लिए 9837 कार्यक्रम आयोजित कर 12.23 लाख लोगों को पुलिस मित्र, सीएलजी, सुरक्षा सखी व वोलियंटर्स के जरिए जागरूक किया।

### इन जिलों में हुई बड़ी कार्रवाई...

- श्रीगंगानगर में थाना सदर द्वारा निवेश में लाभ का प्रलोभन देकर 02 हजार करोड़ रूपये से अधिक साइबर फ्रॉड करने वाली गैंग के 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर देश के विभिन्न शहरों में 200 करोड़ की चल संपत्ति, 10 लाख रुपये नकद व 85 लाख रुपये की लग्जरी कार जब्त की।
- डूंगरपुर में थाना साबला द्वारा 1 करोड़ की साइबर ठगी में वांछित 8 अपराधियों के कब्जे से 16 मोबाइल, 22 फर्जी सिम कार्ड जब्त किए गए।
- जयपुर आयुक्तालय में पुलिस थाना करधनी, कालवाड़, हरमाड़ा, करणी विहार एवं बिंदायका द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर फर्जी कॉल सेंटर के संचालन से 30 करोड़ की साइबर फ्रॉड के लेनदेन के संबंध में 6 प्रकरण दर्ज कर 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया।
- बूंदी में साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा मार्केटिंग कम्पनी में निवेश में लाभ का प्रलोभन देकर 1 आरोपी को गिरफ्तार कर 52.79 लाख रु. जब्त और विभिन्न खातों में फ्रीज 74.10 लाख रु. सहित कुल 1.26 करोड़ परिवादियों को वापस लौटाये गये।
- जोधपुर आयुक्तालय में पुलिस थाना कुड़ी भगतासनी द्वारा 7 करोड़ रुपये की साइबर फ्रॉड में 4 प्रकरण दर्ज कर 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनमें 6 फिंगर प्रिंट व बायोमेट्रिक मशीन, 660 एटीएम व क्रेडिट कार्ड व 18 चौपहिया वाहन जब्त किए थे।

## ‘एक महीने में 1393 मादक पदार्थ तस्कर पकड़े’

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस ने 3 से 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाकर 1393 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 16489.52 किलो मादक पदार्थ और 4.16 लाख प्रतिबंधित दवाएं जब्त की है, जिसकी बाजार में कीमत 54.64 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने गुरूवार को पत्रकारों से रूबरू होकर दी। उन्होंने बताया कि अभियान अवधि में 40.42 किलो अफीम, 12.91 किलो अफीम का दूध, 2.405 किलोग्राम एमडी ड्रग, 3262.41 किलो गांजाव 180.68 किलो गांजे के पौधे, 2.32 किलोग्राम चरस, 12378.69 किलो डोडापोस्त व 547.401 किलोग्राम डोडापोस्त व अफीम के पौधे, 2.11 किलो ब्राउन शुगर, 4.63 किलो स्मैक, 73.613 किलो अन्य साईकोट्राफिक पदार्थ तथा 694 ग्राम हेरोइन जब्त की है। इस दौरान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सीआईडी सीबी दिनेश एमएन, महानिरीक्षक पुलिस क्राइम ब्रांच प्रफुल्ल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक एससीआरबी एवं साइबर अपराध शांतनु कुमार उपस्थित रहे।

## बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। शास्त्री नगर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ मामले में सौलह साल पुराने मामले में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को पकडा है। थानाधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ मामले में सौलह साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी कन्हैयालाल उर्फ कन्नू निवासी कोतवाली जयपुर को गिरफ्तार किया है।

## सार-समाचार

### सूर्य नमस्कार में राजस्थान फिर सिरमौर



वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि प्रथम भल्ला ने गुरूवार को विधानसभा में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रोविजनल प्रमाण पत्र सौंपा।

**जयपुर**। राजस्थान ने सूर्य नमस्कार में एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। 3 फरवरी को हुए एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आयोजित सूर्य नमस्कार में एक करोड़ 53 लाख से अधिक लोगों ने एक साथ सूर्य नमस्कार करते हुए पूर्व के 1.33 करोड़ प्रतिभागियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुरुवार को विधानसभा परिसर में वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि प्रथम भल्ला ने इस उपलब्धि का प्रोविजनल प्रमाण पत्र जारी किया, जिसे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ग्रहण किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सभी प्रदेशवासियों को इस विश्व रिकॉर्ड की बधाई देते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार न केवल हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, बल्कि यह शारीरिक स्वास्थ्य और तनाव मुक्त जीवन के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन इस योग को अपनाने की अपील की। इससे पहले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के नेतृत्व व मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग की ओर से 3 फरवरी को राज्य के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में सूर्य नमस्कार किया गया था। एसएमएस फुटबॉल ग्राउंड में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मंत्री ने भी हिस्सा लिया था। इस मौके पर कृष्ण कुणाल, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, आशीष मोदी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, श्री सीताराम जाट, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### तंबाकू मुक्ति व जागरुकता अभियान

**जयपुर**। शैल्बी हॉस्पिटल जयपुर के हैड एंड नेक कैंसर सर्जन एवं टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई के पूर्व सहायक प्रोफेसर व चिकित्सक डॉ.जितेन्द्र कुमार शर्मा ने विश्व कैंसर दिवस पर तंबाकू मुक्ति व जागरूकता अभियान चलाया है। उन्होंने मरुधर विद्यापीठ, जामडोली व सरदार रामसिंह मेमोरियल राजकीय विद्यालय जामडोली में तंबाकू मुक्ति एवं सिर व गला कैंसर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें अपने परिवार और समाज में जागरुकता फैलाने के लिए प्रेरित करना था। डॉ. शर्मा ने बताया कि भारत में तंबाकू सेवन कैंसर का एक प्रमुख कारण है, जिससे हर साल लाखों लोग प्रभावित होते हैं। उन्होंने धूम्रपान, गुटखा, खैनी और अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन के गंभीर दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए, छात्रों को तंबाकू से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। सरदार रामसिंह मेमोरियल सरकारी सी.सै.स्कूल के प्रधानाचार्य बलराम मीणा ने कहा कि डॉ. जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा कैंसर पर दिये व्याख्यान से करीब 200 लोग व 700-800 बच्चे कैंसर के प्रति जागरुक हुए और नशा से दूर रहने के साथ आमजन को नशे की लत से छुटकारा दिलाने का संकल्प लिया।


### बिडला ऑडिटोरियम में होगा काव्य कुंभ

**जयपुर**। काव्यम् के सीजन-3 काव्य कुंभ में हास्य-व्यंग्य, शृंगार और वीर रस की रचनाओं का महासंगम होगा, जहां दानिशमंद श्रोता डुबकी लगाएंगे। साहित्य, कला-संस्कृति की काव्यम् संस्था के प्रणेता राजेश शर्मा ने बताया कि कवि सम्मेलन का मकसद रोजमर्रा की जिन्दगी में खुशनुमा रंग भरना है ताकि लोग कुछ लम्हें खुशियों के समुंदर में आकंठ डूब जाएं। यह राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आगामी 2 मार्च को शाम 6:15 बजे यहां स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में होगा। साढ़े तीन घंटे तक चलने वाले कवि सम्मेलन में देश के नामी कवि-कवयित्री अपनी रचनाओं से जयपुर को गुदगुदाएंगे। राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में दिल्ली के हास्य के मशहूर कवि पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा, बिहार के हास्य कवि शंभू शिखर, नैनीताल की शृंगार रस की कवयित्री गौरी मिश्रा, राजस्थान के हास्य कवि केसरदेव मारवाड़ी, ग्रेटर नोएडा के वीर रस के कवि अमित शर्मा और दिल्ली के हास्य-व्यंग्य के कवि राजेश अग्रवाल अपनी रचनाओं से जयपुर की आबोहवा में काव्य-रस घोलेंगे।

### उपायुक्तों ने उद्यानों में जांची सफाई

**जयपुर**। हैरिटेज निगम आयुक्त अरूण कुमार हसीजा के निर्देश पर चारों जोन उपायुक्त ने अपने क्षेत्र में उद्यानों का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्कों में सफाई व्यवस्था, फाउण्टेन, कम्पोस्ट कार्य का निरीक्षण किया। इस संबंध में आयुक्त अरूण कुमार हसीजा के निर्देश पर हवामहल- आमेर जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने पौण्ड्रिक पार्क, आदर्श नगर जोन उपायुक्त युगांतर शर्मा ने शहीद भगत सिंह पार्क, सिविल लाइन जोन उपायुक्त सुनील कुमार ने महिमा पार्क का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान उपायुक्त देवानंद शर्मा भी मौजूद थे।

## महापौर कुसुम यादव ने सफाई व्यवस्था देखी



**जयपुर**। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर हैरिटेज निगम प्रशासन लगातार फिल्ड निरीक्षण कर रहा है। गुरुवार महापौर कुसुम यादव ने निगम के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सिंधी कैंप पोलो विक्ट्री क्षेत्र में सडक पर गंदगी देख नाराज हो गई, इस पर महापौर के निर्देश पर वार्ड 63 के एसआई राजेश आनौरिया को एपीओ कर दिया। साथ ही सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण करने वाले थड़ी-ठेले वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान किशनपोल विधानसभा प्रत्याशी चंद्र मनोहर बटवाड़ा, उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा, सतर्कता शाखा के अधिकारी, पार्षद अमर गुर्जर भी मौजूद रहे।

महापौर कुसुम यादव ने बताया कि सिंधी कैंप पर सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण की वजह से जाम रहता है। ऐसे में मौके पर ही दुकानदारों को फुटपाथ पर अतिक्रमण नहीं करने के लिए समझाइश भी की, साथ ही सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े थडी ठेलो को हटवाने के लिए सतर्कता शाखा को निर्देश दिए। इस दौरान सड़क पर गंदगी करने और कचरा फैलाने वालों के खिलाफ मौके पर ही चालान करने के भी निर्देश दिए।

## राजू सपेरा को मिलेगा सरकार की योजनाओं का लाभ

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में आयोजित हो रहे किसान रजिस्ट्री शिविर में आमजन के बुनियादी प्रमाण पत्र बनाने का कार्य भी किया जा रहा है।

कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार व उपखण्ड अधिकारी के नेतृत्व में गुरुवार को सांगानेर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गोनेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में किसान रजिस्ट्री शिविर लगाया गया। यहां राजू सपेरा, घुमंतू जाति का होने के कारण आजतक उसके परिवार की सदस्य का न तो मूल निवास प्रमाण पत्र बना था न ही जाति प्रमाण पत्र। इस कारण उसका परिवार आज तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहा। परन्तु इस शिविर में उसने उपखण्ड अधिकारी सांगानेर हिम्मत सिंह के समक्ष अपनी पीड़ि व्यक्त की तो तत्काल उपखण्ड अधिकारी ने उसका आवेदन भरवाकर उसका व उसके परिजनों का मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र बनाये। उसे जब इन 2 महत्वपूर्ण प्रमाण पत्रों के लाभों के बारे में बताया गया तो उसकी आंखों में खुशी के आसू छलक आये।

## राजस्व रिकवरी का प्रयास करें : डोगरा



डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने गुरूवार को विद्युत भवन में अधिकारियों की बैठक ली।

**जयपुर**। डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंताओं (ओ एण्ड एम) को निर्देश दिए हैं कि राजस्व अर्जन के लक्ष्य हासिल करने के सभी प्रयास सुनिश्चित करें। डोगरा गुरूवार को विद्युत भवन के कांफ्रेंस हॉल में वीडियो कांफ्रेंस से सब डिवीजन कार्यालयों में बकाया की रिकवरी तथा डिफेक्टिव मीटर को लेकर समीक्षा कर रही थीं।

उन्होंने निर्देश दिए कि डिफेक्टिव मीटर बदले जाएं। मुख्यालय की मैटेरियल एंड मैनेजमेंट शाखा सभी सर्किलों में पर्याप्त संख्या में मीटर उपलब्ध कराए। इसके लिए संबंधित वृत्त के अधीक्षण अभियंता तथा सहायक भंडार नियंत्रक से चर्चा कर मांग का आकलन करें।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने मुख्यालय के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी दौरों में वे राजस्व अर्जन एवं बकाया प्रकरणों की गहन समीक्षा करें। जहां सामूहिक बिजली चोरी की शिकायतें हैं, वहां आवश्यक होने पर जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग लें। सुश्री डोगरा ने कहा कि अधीक्षण अभियंताओं, अधिशासी अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं के स्तर पर टीम बनाकर अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं से रिकवरी के लक्ष्य हासिल किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जो प्रकरण न्यायालयों में विचाराधीन हैं, उनमें प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराएं।

वीडियो कांफ्रेंस के दौरान अधीक्षण अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में बकाया राजस्व की स्थिति तथा रिकवरी की योजना से अवगत कराया। बैठक में निदेशक तकनीकी एस.एस.नेहरा, मुख्य लेखा नियंत्रक एके जोशी एवं वाईएस राठौड़, अति. मुख्य अभियंता (मीटर एंड प्रोटेक्शन तथा आईटी) बीएस मीणा, अति. मुख्य अभियंता (मैटेरियल एंड मैनेजमेंट) आरके मीणा, संभागीय मुख्य अभियंता जयपुर जोन आरके जीनवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सराफ ने सदन में अपनी ही सरकार को घेरा

- उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति लंबित होने का मुद्दा उठाया

**जयपुर** (विसं)। भाजपा विधायक कालीचरण सराफ ने गुरूवार को विधानसभा में एक बार फिर अपनी ही सरकार को घेरा। एसीबी के मामलों में केस चलाने की मंजूरी देने से जुड़े सवाल के जवाब पर उन्होंने तंज कसा। सराफ ने कहा कि मैंने पूछा क्या था और जवाब क्या दिया है। इन्होंने तो सवाल ही बदल दिया।

इस पर मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि, हमने सवाल का पिन पॉइंट जवाब दिया है। गत 1 जनवरी 2021 से 2022 तक एसीबी में 1592 केस दर्ज हुए, उनमें से 1189 में केस चलाने की मंजूरी दे दी, जबकि 403 पैंडिंग है। सराफ ने पूरक सवाल में कहा कि सतर्कता आयुक्त द्वारा तीन महीने में एसीबी के मामलों में केस चलाने की मंजूरी देने का प्रावधान है, तो फिर भी भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी क्यों नहीं दी जा रही। अफसर आपस में मिल जाते हैं। सराफ ने कहा कि ‘‘मोदी जी का कहना है ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा।’’ भ्रष्टाचार के जीरो टॉलरेंस के आधार पर सरकार चल रही है तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि जितने केस पैंडिंग हैं, उनके बारे में एक कैबिनेट सब कमेटी बनाने पर विचार करना चाहिए।

## जे.ई.सी.सी. में आग लगी

**जयपुर**। सांगानेर सदर थाना इलाके में स्थित जेईसीसी में गुरुवार को शॉर्ट सर्किट से एक कैनोपी में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने पर सांगानेर सदर थाना पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची। करीब 20 मिनट में दमकल ने आग को कंट्रोल किया। आग लगने से कैनोपी में रखी दवाई और अन्य सामान जल गए।

एसआई प्रेम सिंह ने बताया कि दोपहर करीब साढे 3 बजे जेईसीसी में आग लगने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान जयपुर एक्जिबिशन एंड कांफ्रेंस सेंटर में डॉक्टर कॉन्फ्रेंस चल रही थी। कॉन्फ्रेंस हॉल के बाहर कैनोपी लगी हुई थी, उसी कैनोपी में अचानक आग लग गई। हालांकि किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

## आवेदन 10 तक

**जयपुर**। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि विभाग ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स और परीक्षाओं की तैयारी के लिए विभागीय पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में कोचिंग के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे है। उन्होंने अभ्यर्थियों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि आवेदक 10 फरवरी 2025 तक पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

## फायरिंग व पथराव करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने बदमाशों से पिस्टल जब्त कीं, अन्य आरोपियों की तलाश जारी
- जमीनी विवाद में मिलीभगत के चलते एस.आई. का भी तबादला किया

**जयपुर**। खोह नागोरियान थाना इलाके में पथराव और फायरिंग मामले में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने फायरिंग में प्रयोग की गई एक पिस्टल को भी सीज किया है। इसके अलावा पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने खोह नागोरियान थाने के एसआई भवानी सिंह को थाने से हटा कर पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कार्यालय में लगा दिया हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि खोह नागोरियान थाना इलाके में जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने होने पर दोनों पक्षों ने पहले एक दूसरे पर पथराव किया। इसके बाद बाहर से बदमाशी करने आए दूसरे पक्ष ने पहले पक्ष पर फायरिंग की। फायरिंग के दौरान किसी को चोट नहीं आई हैं। पुलिस ने घटना के कुछ घंटों में दो बदमाशों को पकड़ा और उसके बाद रात को कई जगहों पर दबिश देकर दो अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस की टीमें अभी-भी इस वारदात में शामिल बदमाशों की तलाश कर रही है। बदमाशों को पकड़ने के लिए विशेष टीम बनाई गई हैं जो बदमाशों के सम्भावित ठिकानों पर रेड कर रही हैं। गिरफ्तार एक बदमाश से हथियार बरामद किया गया हैं। वारदात में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही हैं।

घटना को लेकर जांच एसआई अधिकारी भवानी सिंह के बारे में कुछ जानकारी मिली। जिस के बाद भवानी सिंह को थाने से हटा कर उन्हें पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कार्यालय में लगाया गया हैं। इस संबंध में भी पुलिस के आलाअधिकारी से मामले की जांच कराई जा रही है। फायरिंग और पथराव के वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो पुलिस मौके पर पहुंची। बदमाश पुलिस की मौजूदगी में भी पथराव कर रहे थे। जिस से जमीन पर काबिज पक्ष और अधिक भड़क गए थे। बदमाश बीच बाजार में पिस्टल लोड कर लगातार हवाई फायर कर रहा था। पीड़ित परिवार की ओर से थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

थानाधिकारी ओम प्रकाश मातवा ने बताया कि खो-नागोरियान के गांव में कब्जा करने आए कुछ लोगों के खिलाफ बाबू खां के भतीजे आबिद खां निवासी खो-नागोरियान गांव ने शिकायत दर्ज कराई कि 1100 वर्ग गज जगह में उनका परिवार रहता है। जिसमें करीब 300 वर्ग गज जगह पर परिवार ने निर्माण करा रखा है। हाल ही में जब बाबू खां ने बाकी जगह पर निर्माण करने का प्रयास किया तो, इलियास का बेटा इदरीस उस जगह का पंचायती पट्टा अपने पिता के नाम का लेकर आया। वह कोर्ट से जमीन पर किसी प्रकार के निर्माण नहीं होने को लेकर स्टे भी लेकर आ गया। इसके बाद थाने में 14 दिसंबर को मामला भी दर्ज करा दिया। जब पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की और मामले की सत्यता का पता किया तो सामने आया कि इलियास का मामले में बताई गई जमीन से कोई लेना-देना ही नहीं है।

# कर्मचारियों ने खेमराज कमेटी की रिपोर्ट की होली जलाई

## पुलिस ने वित्त भवन व कलेक्ट्रेट जाने से रोका तो कर्मचारियों ने गवर्नमेंट प्रेस चौराहे पर किया प्रदर्शन

**जयपुर**। प्रदेश के राज्य कर्मचारियों ने खेमराज कमेटी की रिपोर्ट का विरोध करते हुए जयपुर में गर्वमेंट प्रेस से रैली निकाली और गर्वमेंट हॉस्टल चौराहे पर कमेटी की रिपोर्ट की होली जलाई। कर्मचारी महासंघ के निर्देश पर अन्य जिला मुख्यालयों पर भी इसी तरह होली जलाई गई थी।

पहले पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार कर्मचारी वित्त भवन पर एकत्रित होने लगे तो पुलिस ने वहां धारा-144 लागू होने की बात कहकर कर्मचारियों को एकत्रित होने व रिपोर्ट की प्रतियां जलाने की अनुमति नहीं दी। इसके पश्चात कर्मचारी महासंघ के कार्यालय में एकत्रित हुए और सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों ने रैली निकाल कर रिपोर्ट की प्रतियां जलाने के लिए कलेक्ट्रेट के लिए कूच किया लेकिन पुलिस ने उन्हें गर्वमेंट प्रेस चौराहे से आगे नहीं जाने दिया। इस पर कर्मचारियों ने गवर्नमेंट प्रेस चौराहे पर ही खेमराज कमेटी की रिपोर्ट की प्रतियां जलाकर कमेटी व सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया तथा नारे लगाए।

महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में बनी वेतन विसंगति परीक्षण समिति ने सरकार के इशारे पर कर्मचारियों को धोखा दिया है और कमेटी के नाम पर लाखों रुपए और कर्मचारियों का बेशकीमती समय बर्बाद किया है।



राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र राठौड़ के साथ सैकड़ों कर्मचारियों ने गर्वमेंट हॉस्टल चौराहे पर खेमराज कमेटी की रिपोर्ट की प्रतियां जलाकर विरोध जताया।

- ‘5 जनवरी को जारी हुई इस रिपोर्ट में कर्मचारी हितों का ध्यान नहीं रखा, इसलिए पूरे कर्मचारियों में कमेटी और सरकार के प्रति आक्रोश’

गौरतलब है की राज्य सरकार ने वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए 3 नवंबर 2017 को डी. सी. सामंत की अध्यक्षता में वेतन विसंगति निवारण समिति बनाई थी। जिसकी रिपोर्ट सरकार ने सार्वजनिक नहीं की। इसके बाद 5 अगस्त 2021 को खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में वेतन विसंगति परीक्षण समिति बनाई। जिसकी रिपोर्ट सरकार ने 23 जनवरी 2025 को सार्वजनिक की है। राठौड़ ने कहा कि खेमराज कमेटी की रिपोर्ट में जहां कर्मचारियों की वाजिव वेतन विसंगतियों की उपेक्षा की गई है, वहीं 9, 18 व 27 वर्ष की एसीपी के स्थान पर 8, 16, 24 व 32 वर्ष पर एसीपी देने के भाजपा सरकार के पूर्व निर्णय की भी क्रियान्वित्ती नहीं की है। इससे प्रदेश के सभी राज्य कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। राठौड़ ने बताया की 7 और 8 फरवरी को विभागों में संपर्क सभाएं आयोजित की जाएंगी। राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग की है कि बजट- 2025 में कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए एक उच्च स्तरीय मंत्रिमंडलीय समिति के गठन की घोषणा की जाए, जो कर्मचारी संगठनों से वार्ता कर वार्ता में ही आपसी सहमति से निर्णय कर त्वरित गति से वेतन विसंगतियों का निराकरण करे। विरोध प्रदर्शन में प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह के साथ कर्मचारी नेता कुलदीप यादव, राजेंद्र शर्मा, भंवर सिंह धीरावत, राजेश पारीक, देवेंद्र सिंह नरूका, सुरेश नारायण शर्मा, ओम प्रकाश चौधरी, महेंद्र सिंह रिणवा, उमेश शर्मा, शेर सिंह यादव, प्रकाश यादव, विनोद सिद्धा, दिनेश सिंह भाटी, गिरिराज सोनी, कल्पित जैन, प्रभु सिंह रावत, पप्पू शर्मा वीरेंद्र यादव, बाबूलाल शर्मा, चेतन नूनीवाल सहित सैकडो राज्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजधानी में सूने मकानों में चोरी

**जयपुर**। राजधानी में चोर तीन सूने मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

शिव महिला नगर निवासी किशोरी नंदन ने बिंदायका थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और गहने एवं नगदी ले गए। घटना का पता वापस घर लौटने पर लगा। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना में मंगल नगर सिरसी निवासी अंकित कुमार जैन ने करणी विहार थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था पीछे से चोर मकान सूना पाकर ताला तोड़कर अंदर घुसे और 2 लाख रुपए की नगदी, गुल्लक में रखे करीब 50 हजार, एक सोने की अंगूठी, कानों की झुमकी, चांदी के पायजेब, चांदी के चेन, नाक की लोंग सहित अन्य सामान ले गए। जब वह परिवार के साथ लौटा तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा मिला। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच साक्ष्य लेकर घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।